प्रेस विज्ञप्ति/ प्रकाशनार्थ

17 सितम्बर , 2021 गोरखपुर ।

आधुनिक भारत के शिल्पकार माननीय प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस एव राज्य रक्त संचरण परिषद, उत्तर प्रदेश, के अह् वाहन पर एक बिशाल रक्त दान शिविर का कार्यक्रम गुरु द्वारा श्री गुरु सिंह सभा जटाशंकर मे गोरखनाथ ब्लड बैंक के तत्वाधान मे आयोजित किया गया।

इस अवसर पर गोरखनाथ ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने आधुनिक भारत के शिल्पकार विश्व पटल पर भारत के मान सम्मान स्वाभिमान का ध्वज शान से लहराने वाले भारत के करोड़ों दिलो पर राज करने वाले रक्तदानी,यशस्वी, प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के 71 वें जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुआ कहा की ईश्वर आपको दीर्घायु करें और इसी प्रकार देश का नेतृत्व कर स्वामी विवेकानंद के सपनों को साकार करते हुए भारत को विश्व गुरु के रूप मे स्थापित करें।

संसद की चौखट को चूमा लोकतंत्र को मान दिया
दुनिया भर में भारत माँ को जा जा कर सम्मान दिया
सात दशक तक हमने देखा जिसको सहमा डरा डरा
सात बरस में तुमने सबको निर्भय हिंदुस्तान दिया

डॉ अग्रवाल ने आगे सृजन, रचनात्मकता आदि शिल्पी और श्रम के सबसे बड़े प्रतीक भगवान विश्वकर्मा के पूजनोत्सव के अवसर पर संसार के समस्त श्रम-साधकों को हार्दिक शुभकामनायें दी।

राज्य रक्त संचरण परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा 13 से 17 सितम्बर तक एक विशेष रक्त दान शिविर पखवारा का आयोजन किया गया हैं जिससे की उत्तर प्रदेश के कुछ जनपदों मे फैले डेंगू  के कारण प्लेटलेट्स की आपूर्ति मे कोई बाधा ना

आये।इस कार्यक्रम मे गुरु श्री गोरखनाथ ब्लड बैंक ने भी अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करते हुए दिनांक 13 से 16 सितम्बर तक लगभग 70 स्व रक्त दाताओ का रक्त दान कराया।

इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल गुरूद्वारे से श्री जशपाल सिंह, जगनैन सिंह (नीटू )श्री राजेंद्र सिंह,अरविन्द गुप्ता, सनी गुप्ता इत्यादि उपस्थित रहे।

रक्तदान शिविर मे श्री जस पाल सिंह ने 79 वीं बार रक्तदान किया इनके साथ भारती मृगवानी, अंजली पाण्डेय, नितीश कुमार, गौरव मिश्रा, भीम यादव, सत्यम गुप्ता, अजय गुप्ता, घनश्याम कुमार गुप्ता, अमित सिंह के साथ 40 व्यक्तियों ने रक्त दान किया। सभी रक्तदाताओं को ब्लड बैंक द्वारा सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र , की चैन,कॉफ़ी मग आदि दिया गया ।रक्तदान शिविर को सफल बनाने मे ब्लड बैंक के तकनीशियन चंद्रेश्वर यादव,विकास मिश्रा, नेहा का अहम योगदान रहा।

वैश्विक महामारी कोविड को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में सोशल डिस्टेंस, हैण्ड सैनिटाइजेशन तथा मास्क इत्यादि के साथ रक्तदाताओ का चिकित्सीय परिक्षण, हीमोग्लोबिन, बी.पी. पल्स, ब्लड ग्रुप इत्यादि जाँच की गई।